A17

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **शिवांगी स्वर्णकार,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/09/2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 14.01.2019

श्री दीपचन्द पिता स्व. माणकचन्द डांगी निवासी पुलिस थाने के पास, मेन रोड़, रावतभाटा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 05.02.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 01.09.2018 को प्रस्तुत किया। जिस पर लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपीलार्थी को अपूर्ण सूचना उपलब्ध कराने से उसके द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 09/2019/(05.02)/41 दिनांक 14.01.2019 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 05.02.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 05.02.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ। लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/16 दिनांक 15.01.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

1. यह है कि प्रार्थी श्री दीपचन्द पिता स्व. माणकचन्द डांगी निवासी पुलिस थाने के पास, मेन रोड़, रावतभाटा द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 30.09.2018 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 01.12.2018 को प्राप्त होना सही है।
2. यह है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही गई सूचना का संबंध सतर्कता अनुभाग, जिला कार्यालय से होने से इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/2037 दिनांक 04.12.2018 से प्रभारी अधिकारी, सतर्कता अनुभाग, जिला कार्यालय को भिजवाया गया है। (छायाप्रति संलग्न है।)
3. यह कि प्रार्थी प्रार्थना पत्र के संबंध में प्रभारी लिपिक सतर्कता अनुभाग के पत्रांक/सतर्कता/आर.टी.आई./2018/3723 दिनांक 12.12.2018 से सूचना कुल किता 05 प्राप्त कर प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/2018/2037 दिनांक 13.12.2018 से रजिस्टर्ड ड़ाक द्वारा भिजवा दी गई है। (छाया प्रति संलग्न है।)
4. यह है कि प्रार्थी को सूचना के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा दी जाने से अब कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है। अतः प्रस्तुत प्रथम अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/16 दिनांक 15.01.2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

2018/2037 दिनांक 13.12.2018 (रजिस्टर्ड) से अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना कुल किता 05 उपलब्ध कराई जा चुकी है।

जबकि अपीलार्थी ने अपने अपील मेमो में उसके द्वारा दिनांक 11.05.2017 को प्रस्तुत पत्र के संलग्न शपथ पत्र भी होने तथा उन शपथ पत्रों की सत्यापित प्रतियां उसे उपलब्ध नहीं कराने का अंकन किया है।

चूंकि अपीलार्थी लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा उसे उपलब्ध कराई गई सूचना से संतुष्ट नहीं है तथा वह उसके द्वारा प्रस्तुत पत्र दिनांक 11.05.2017 के संलग्न शपथ पत्रों की प्रतियां भी चाह रहा है। अतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलार्थी को उसके पत्र/प्रार्थना पत्र दिनांक 11.05.2017 के साथ यदि शपथ पत्र संलग्न हो तो उन संलग्न शपथ पत्रों की प्रमाणित प्रतियां भी उसे उपलब्ध कराने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित की जाती है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(शिवांगी स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./09/2019(सू.अ.)/88 दिनांकः– 11/02/2019

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री दीपचन्द पिता स्व. माणकचन्द डांगी निवासी पुलिस थाने के पास, मेन रोड़, वार्ड नं. 05, रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)